खास-खबरें

मप्र सुधारात्मक सेवाएं एवं बंदी गृह नियम-2026 के परीक्षण के लिए समिति गठित

भोपाल। मध्यप्रदेश शासन ने सुधारात्मक सेवाएं एवं बंदीगृह नियम-2026 के प्रारूप का परीक्षण करने और सुझाव देने के लिए समिति गठित की है। समिति को आदेश जारी होने के 10 कार्य दिवस के भीतर अपना प्रतिवेदन मुख्य सचिव को प्रस्तुत करना होगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, समिति में प्रमुख सचिव जेल मुकेश चंद गुप्ता, सचिव वित्त लोकेश कुमार जाटव, गृह विभाग की शिल्पा गुप्ता, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के मुकेश कुमार और उप सचिव जेल विभाग कमल नागर को शामिल किया गया है। कमल नागर प्रस्तुतकर्ता अधिकारी होंगे।

राज्य परिवहन प्राधिकरण का पुनर्गठन

भोपाल। राज्य शासन द्वारा परिवहन विभाग के राज्य परिवहन प्राधिकरण, मध्यप्रदेश का पुनर्गठन किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग को राज्य परिवहन प्राधिकरण मध्यप्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी करवाचौथ की शुभकामनाएं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने करवाचौथ के पर्व पर प्रदेश की सभी माताओं और बहनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से जुड़े इस पर्व को मातृशक्ति के समर्पण और तप का अद्भुत प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि करवाचौथ का पर्व परस्पर सहयोग और मंगलमय जीवन के लिए अटूट विश्वास को प्रकट करता है। यह पर्व परिवार में सुख-समृद्धि और संपन्नता की कामना से जुड़ा है।

सतना में बिजली लाइनों के प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण पर कार्रवाई, 94 नोटिस जारी

भोपाल। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के निर्देशों के पालन और विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सतना जिले में ट्रांसमिशन लाइनों के प्रतिबंधित क्षेत्र में किए गए निर्माणों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। संबंधित लोगों को कुल 94 नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें अधिकांश निर्माण डिलौरा क्षेत्र के हैं। अभियान के तहत 132 केवी की चार और 220 केवी की एक ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण चिह्नित किए गए हैं। निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार, 132 केवी लाइन के दोनों ओर 27 मीटर और 220 केवी लाइन के दोनों ओर 35 मीटर का क्षेत्र प्रतिबंधित है। इस क्षेत्र में असुरक्षित निर्माण से विद्युत तारों के संपर्क या विद्युत आर्क के कारण जानलेवा हादसे हो सकते हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से लोगों को सुरक्षा मानकों की जानकारी दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से की मुलाकात

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान मध्यप्रदेश के विकास और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। मध्यप्रदेश प्राकृतिक संपदा, समृद्ध वन संपदा और जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण, वन क्षेत्रों के संवर्धन, वन्यजीवों की सुरक्षा तथा सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की इस मुलाकात में प्रदेश के विकास तथा पर्यावरण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

अर्णव का असर, लुढ़का दिन का पारा भोपाल, जबलपुर,ग्वालियर में वर्षा

- पचमढ़ी से ठंडा रहा सीधी का मौसम
- अभी बने रहेंगे बादल, बौछारें पड़ने के भी आसार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भीषण चक्रवाती तूफान के असर से मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। बादल छाने के साथ ही रीवा, शहडोल, जबलपुर, भोपाल, सागर, ग्वालियर संभाग के जिलों में वर्षा दर्ज की गई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी दो-तीन दिन तक बादल बने रह सकते हैं। शुक्रवार को भी रीवा, शहडोल, जबलपुर संभाग के जिलों में वर्षा होने के आसार हैं। उधर घने बादल बने रहने, तेज हवा चलने के साथ रिमझिम वर्षा होने के कारण दिन के तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को दिन का सबसे कम 22.6 डिग्री सेल्सियस तापमान सीधी में रिकार्ड किया गया। जो पचमढ़ी के अधिकतम तापमान (22.8 डिसे.)की तुलना में कम रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार भीषण चक्रवाती तूफान अर्णव का अवशेष वर्तमान में दक्षिणी छत्तीसगढ़ और उससे लगे ओडिशा पर अवदाब के क्षेत्र के रूप में बना हुआ है। इसके उत्तरी छत्तीसगढ़ पहुंचकर कम दबाव के क्षेत्र में बदलने की संभावना है।

एक कम दबाव का क्षेत्र दक्षिणी अंडमान सागर और उसके आसपास बना हुआ है। इसके शुक्रवार तक गहरे कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित होने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इसके साथ एक द्रोणिका भी संबद्ध है। उत्तरी हरियाणा पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात है। इसके अतिरिक्त दक्षिणी पंजाब पर एक प्रेरित चक्रवात मौजूद है। मौसम विज्ञानी पीके रायकवार ने बताया कि तूफान के प्रभाव से नमी लगातार मिल रही है। इस वजह से बादल बने रहेंगे। पूर्व मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। शेष क्षेत्रों में कहीं-कहीं रिमझिम बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि अंडमान सागर में भी एक गहरे कम दबाव का क्षेत्र बनने जा रहा है। इस वजह से तूफान का असर समाप्त होने के बाद भी प्रदेश में बादल बने रह सकते हैं।

एसआईआर पर कांग्रेस को जवाब देगी भाजपा इंदौर-जबलपुर-भोपाल में निकालेगी पदयात्रा

- इंदौर में आज केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया होंगे शामिल
- 4 नवंबर को भोपाल में राजनाथ सिंह के आने की संभावना

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस के आंदोलनों के जवाब में भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चलाएगी। इसके तहत इंदौर, जबलपुर और भोपाल में पदयात्राएं निकाली जाएंगी। इन कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को शामिल करने की तैयारी है।

अभियान की शुरुआत 30 अक्टूबर को इंदौर से होगी। प्रस्तावित पदयात्रा सुभाष नगर से पाटनीपुरा चौराहे तक निकाली जाएगी। इसमें केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया मुख्य वक्ता होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी शामिल होंगे।

जबलपुर में 2 नवंबर को पदयात्रा आयोजित करने की योजना है। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह या भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को आमंत्रित करने की तैयारी है। भोपाल में 4 नवंबर को पदयात्रा प्रस्तावित है। इसका मार्ग अटल पथ से रोशनपुरा चौराहे तक रहेगा। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के शामिल होने की संभावना है। तीनों शहरों के कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की मौजूद रहेंगे।

भाजपा के अनुसार, अभियान 5 नवंबर तक चलेगा। इसके अंतर्गत पदयात्राओं के अलावा प्रेस कॉन्फ्रेंस, प्रमुख नागरिकों के साथ संवाद, युवा एवं विद्यार्थी कार्यक्रम और सोशल मीडिया अभियान भी आयोजित किए जाएंगे।

भाजपा का उद्देश्य एसआईआर, मतदाता सूची की शुद्धता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता के मुद्दे पर कांग्रेस के आरोपों का जवाब देना तथा अभियान के समर्थन में जनमत तैयार करना है।

मुख्यमंत्री ने पद्म विभूषण कमलादेवी चट्टोपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और भारतीय हस्तशिल्प के पुनर्जागरण की अग्रदूत, पद्म विभूषण से सम्मानित, कमलादेवी चट्टोपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि हस्तशिल्प, लोककला और परंपरा के संरक्षण और संवर्धन के लिए कमलादेवी का समर्पण सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

मंत्री कृष्णा गौर ने सुनीं समस्याएं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश शासन की मंत्री कृष्णा गौर ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं की जनसमस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। विभागीय कार्रवाई से जुड़े मामलों को संबंधित विभागों के पास भेजा गया। मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से मिली समस्याओं का गंभीरता से परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। आमजन को शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ दिलाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

चम्पा बाई के निधन पर दुःख व्यक्त किया: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक जगन्नाथसिंह रघुवंशी की पूज्य माताजी श्रीमती चम्पा बाई के निधन पर दुःख व्यक्त किया। डॉ. यादव ने दिवंगत को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

• घर का भेदी

लंबे समय से शिकायतें तो मिल रही थीं कि मिलीभगत से सब कुछ अच्छा चल रहा है, चल भी रहा था, लेकिन अचानक घर के भेदी ने पूरा खेल बिगाड़ दिया। मामला ऊपर पहुंचा और साहब ने विशेष इंटरेस्ट लिया, हो गया खेल।





• बहुत उड़ने लगा था

गणेश चतुर्थी हो या दुर्गा विसर्जन जुलूस, झांकियों का स्वागत हो, सभी मामले बहुत ही संवेदनशील थे और बिना किसी विवाद के संपन्न भी हो गए। लेकिन एक बड़े घटनाक्रम के बाद कुछ माननीय आपस में चर्चा करते हुए नजर आए कि बहुत उड़ने लगा था, आ गए अंकल ठिकाने। अब अकल किसकी ठिकाने लगी, क्या हुआ, यह चर्चा में है।

• जिम्मेदारी किसी की, कार्रवाई किसी पर

बुंदेलखंड क्षेत्र में पिछले दिनों हुए बड़े घटनाक्रम में कुछ बड़े स्तर के माननीय और ऊपर बैठे आकाओं के संरक्षण के चलते बड़ा विवाद रहा। लंबे समय बाद कार्रवाई तो हुई, लेकिन जिम्मेदारों पर या औरों पर, यही चर्चा का विषय है। क्या हटाए गए इतने सक्षम थे कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोगों पर कार्रवाई कर सकते? सभी की इच्छा बड़े मगरमच्छ को टारगेट करने की है।





• गलती नहीं, फिर भी नप गए

अचानक एक मामला और तत्काल नेता प्रतिपक्ष का, विपक्षी दल के अध्यक्ष का प्रदर्शन और तत्काल कार्रवाई, इस तरह की चर्चा को जन्म दे रही है कि सागर में इससे बड़ी घटनाओं के बाद भी लगभग 50 दिन का समय लगा और देवास में तत्काल नप गए साहब अपना कसूर ढूंढ रहे हैं।

• फटकार के बाद भी

एक जिले के कप्तान साहब को गंभीर लापरवाहियों के कारण माननीय हाईकोर्ट में जमकर फटकार पड़ी और सरकार को मामले पर संज्ञान लेने का निर्देश मिला, परंतु साहब अभी भी बहुत गंभीर नहीं लग रहे हैं। उनका मानना है कि सभी को अपना-अपना काम करना चाहिए। वे अपना काम कर रहे हैं, हम अपना कर रहे हैं।





• सार्वजनिक अभिनंदन

मध्यप्रदेश के एक जिले में कप्तान साहब और उनके सहयोगी समकक्षों के बीच बहुत अच्छे संबंध नहीं नजर आते। बड़े साहब कोई मौका नहीं चूकते छोटे साहब का सार्वजनिक अभिनंदन करने का। पता नहीं क्या मजबूरी है कि इतने मधुर संबंधों के बाद भी इतना आपसी सद्भाव कुछ अलग ही कहानी कहता है।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का मुख्य समारोह 1 नवंबर को

नप्र, भोपाल : मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का मुख्य समारोह 1 नवंबर को भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अवधारणा के अनुसार इस बार स्थापना दिवस का आयोजन तीन दिवसीय होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने कार्यक्रम के संबंध में सभी कलेक्टर और संभागायुक्तों को निर्देश जारी किए हैं।

मुख्य समारोह में मंचीय कार्यक्रम, सुगम संगीत की प्रस्तुति और समापन पर भव्य आतिशबाजी होगी। कार्यक्रम स्थल पर 1 से 3 नवंबर तक संस्कृति, कृषि और उससे जुड़े विषयों पर केंद्रित प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

जिला स्तर पर भी स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी। इनमें जिलों की उपलब्धियों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों और स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। जिला कलेक्टर प्रभारी मंत्री से परामर्श कर कार्यक्रमों को अंतिम रूप देंगे।

स्थापना दिवस की रात यानी 1 नवंबर को जिला मुख्यालयों के प्रमुख शासकीय भवनों पर रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। राज्य शासन के प्रमुख भवनों को रोशन करने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय प्रमुखों की होगी।

नियुक्ति की मांगः सड़क पर लेटीं अभ्यर्थी

वर्ग-3 के मेरिट होल्डर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन, नियुक्ति पत्र मिलने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्राथमिक शिक्षक वर्ग-3 के मेरिट होल्डर अभ्यर्थियों ने गुरुवार को नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर बोर्ड ऑफिस चौराहे पर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी सड़क पर बैठकर थालियां बजाने लगे, जिससे चौराहे पर यातायात बाधित हो गया।

पुलिस ने उन्हें हटाने की कोशिश की, तो कुछ महिला अभ्यर्थी सड़क पर लेट गईं। पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को उठाकर बस में बैठाने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ अभ्यर्थियों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़ लिया। हिरासत में लिए जाने की कार्रवाई के दौरान प्रदर्शनकारी राष्ट्रगान गाने लगे।

प्रदर्शन के दौरान एक महिला अभ्यर्थी रोने लगी और नियुक्ति देने की गुहार लगाई। उसने कहा कि यदि नियुक्ति नहीं देनी है, तो उन्हें जहर दे दिया जाए। एक अन्य अभ्यर्थी ने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए कहा कि वे कई दिनों से सड़क पर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी परेशानी पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एक महिला अभ्यर्थी ने यह भी कहा कि प्रदर्शन में शामिल एक महिला का व्रत है।

अभ्यर्थियों का कहना है कि वे पिछले दो साल से पद बढ़ाने और नियुक्ति की मांग कर रहे हैं। उन्होंने भर्ती नियम के क्लॉज 49 का हवाला देते हुए डीएलएड डिग्री से जुड़ी शर्त पर सवाल उठाए। उनकी मांग है कि पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देकर जॉइनिंग दी जाए।

अभ्यर्थियों ने कहा कि जब तक नियुक्ति को लेकर ठोस निर्णय नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। करीब 22 दिन पहले भी उन्होंने एमपी नगर चौराहे पर चार घंटे तक चक्काजाम किया था। उस समय अधिकारियों से बातचीत के बाद आंदोलन समाप्त हुआ था।

दीपावली से पहले दो प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग

नप्र, भोपाल :अर्द्ध शासकीय अधिकारी कर्मचारी सार्वजनिक उपक्रम संघ और सेमी गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन ने मध्यप्रदेश के लाखों कर्मचारियों को अब तक दो प्रतिशत महंगाई भत्ता नहीं दिए जाने पर असंतोष जताया है। संघ के प्रांताध्यक्ष अरुण वर्मा, महासचिव गोपाल सिंह चौहान, फेडरेशन के संयोजक अनिल बाजपेई और प्रांताध्यक्ष गजेंद्र कोठारी ने केंद्र सरकार द्वारा तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता घोषित किए जाने का स्वागत किया। पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण महंगाई के दौर में महंगाई भत्ते की घोषणा में देरी उचित नहीं है। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि दीपावली के त्योहार से पहले प्रदेश के कर्मचारियों के लिए दो प्रतिशत महंगाई भत्ते की तत्काल घोषणा की जाए, ताकि कर्मचारी उत्साह के साथ त्योहार मना सकें। इस मांग का समर्थन करने वालों में संतोष मिश्रा, हातिम अली अंसारी, विजय गायकवाड़, महेश त्रिवेदी, राजू अवस्थी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

मध्यप्रदेश में 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा राष्ट्रीय एकता दिवस

नप्र, भोपाल :सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक सद्भाव और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी कलेक्टरों और संभागायुक्तों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

जनगणना *मध्यप्रदेश में जनगणना-2027 की तैयारियां तेज...*

स्व-गणना के लिए नागरिकों को किया जाएगा जागरूक

- मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने विभागों को दिए निर्देश
- कॉलेजों में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण और डिजिटल माध्यमों से प्रचार पर जोर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जनगणना-2027 के कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय और संवेदनशीलता के साथ काम करें।

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने गुरुवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों को स्व-गणना के लिए जागरूक करने और विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि जनगणना-2027 देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। इसमें मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़े जुटाए जाएंगे और वेब पोर्टल से कार्य की निगरानी की जाएगी। नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए शासकीय कर्मचारियों के प्रशिक्षण, कॉलेजों में विद्यार्थियों को तैयार करने और डिजिटल व सोशल मीडिया पर जागरूकता वीडियो प्रसारित करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने झांकियों, रैलियों, लोक कलाकारों, सिनेमा हॉल, रेडियो और टेलीविजन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। जनगणना कार्य के लिए लगभग दो लाख प्रगणकों और पर्यवेक्षकों सहित आवश्यक प्रशासनिक अमले की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में बताया गया कि जनगणना का दूसरा चरण जनवरी-फरवरी 2027 में होगा। मुख्य सचिव ने स्कूल शिक्षा विभाग को इसी अवधि को ध्यान में रखकर परीक्षाओं की योजना बनाने को कहा। उन्होंने संबंधित विभागों को मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने और अपने यहां नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने जनगणना का कार्य पूरा होने तक प्रशासनिक सीमाओं में बदलाव नहीं करने और यथासंभव जनवरी से मार्च 2027 के दौरान स्थानांतरण नहीं करने की बात भी कही। बैठक में जनगणना महानिदेशक संजीव श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com